01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में प्राथमिकी दज।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – गगनयान मिशन की शुरूआत जल्द होगी। अंतरिक्ष में भारत अपना स्टेशन भी बनाएगा।

03. पटना जिले के दनियावां में भीषण सड़क दुर्घटना। ऑटो रिक्शा और ट्रक की भीषण टक्कर में नौ लोगों की मौत और चार गंभीर रूप से घायल। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा शोक जताया।

04. और, झारखंड में भारी बारिश के कारण फल्गु और मुहाने नदी में भारी उफान से जहानाबाद में चार स्थानों पर तटबंध क्षतिग्रस्त। बड़ी आबादी बाढ की चपेट में।

---

राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में महराष्ट्र के गढ़–चिरौली में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भी श्री यादव के खिलाफ इसी मामले में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इधर, राजद नेता श्री यादव ने कटिहार में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों से डरने वाले नहीं हैं और जनहित के मुद्दे उठाते रहेंगे।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने सांसदों और विधायकों द्वारा अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने पर चिंता जताई है। श्री खां ने बांका में अद्वैत मिशन लॉ कॉलेज के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिकों को अपना आचरण नैतिक बनाना होगा। श्री खां ने विद्यार्थियों से कहा कि कानून की पढ़ाई सिर्फ पेशे के रूप में नहीं की जानी चाहिए, बल्कि इसे समाज सुधार और न्याय की स्थापना के लिए अपनाया जाना चाहिए।

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग बेहद निंदनीय है। श्री चौहान ने कहा कि राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव कितने गैर जिम्मेदार हैं, जिसे पूरा देश देख रहा है।

---बाइट---

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में हर व्यक्ति को भाषा की मर्यादा बनाए रखना चाहिए। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ ओछी भाषा का उपयोग निंदनीय है। उन्होंने कहा कि एफआईआर दर्ज हुआ है और अदालत निर्णय करेगा।

---बाइट---

---

चुनाव आयोग ने कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक केवल सीपीआईएमएल की ओर से **नौ** दावे और आपत्तियां दर्ज कराई गयी है। हालांकि प्रमुख दल कांग्रेस और राजद की ओर से दावा–आपत्ति का कोई आवेदन नहीं दिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक **निन्यानवे हजार छह सौ छप्पन** निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से **सात हजार तीन सौ सड़सठ** मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के **दो लाख तिरासी हजार** से अधिक नये मतदाताओं ने सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है। इनमें राजनीतिक दलों के बीएलए की ओर से जमा **छह** प्रपत्र भी शामिल हैं। दावा–आपत्ति की अंतिम तिथि एक सितम्बर है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा।

---

इससे पहले, कल सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान प्रारूप सूची से हटाये गये मतदाताओं से ऑनलाइन आवेदन लेने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई करते हुये न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे. माल्याबागची की पीठ ने कहा कि एसआईआर के दौरान जिन मतदाताओं के नाम हटाये गये हैं, वे आधार कार्ड या ग्यारह अन्य दस्तावेज़ों में से

किसी एक के साथ ऑनलाईन दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। न्यायालय ने इस प्रक्रिया में कोई दस्तावेज भौतिक रूप से जमा करने पर जोर नहीं देने को कहा है। साथ ही न्यायालय ने राज्य भर के राजनीतिक दलों और उनके बूथ–स्तरीय एजेंटों से उन लोगों की सहायता करने को कहा जो अपने गणना फॉर्म जमा करने में असमर्थ थे और परिणामस्वरूप उनके नाम मतदाता सूची से छूट गए थे।

---

कांग्रेस नेता और लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा आज कटिहार पहुंची। राजद नेता तेजस्वी यादव, वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी, भाकपा–माले के दीपंकर भटटाचार्य, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता  सांसद तारिक अनवर, पप्पू यादव और शकील अहमद समेत महागठबंधन के कई नेता यात्रा में शामिल हैं। कोढ़ा में राहुल गांधी ने मखाना किसानों से बातचीत की।

---

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद संजय कुमार झा ने महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा को राजनीतिक पर्यटन बताया है। श्री झा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार में एसआईआर कोई मुद्दा नहीं है और विपक्ष के नेता अर्नगल बयानबाजी कर रहे हैं।

———बाइट———

---

देश भर में आज दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान–तीन की सफल लैंडिंग हुई थी। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

वर्ष 2023 में आज के ही दिन, चंद्रयान–3 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग की थी। इसके साथ ही, भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया था। सॉफ्ट लैंडिंग के बाद प्रज्ञान रोवर का सफल प्रक्षेपण हुआ। लैंडिंग स्थल का नाम शिव शक्ति पॉइंट रखा गया। इस उपलब्धि के सम्मान में, भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर 23 अगस्त को ष्राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवसष के रूप में घोषित किया। यह दिवस अंतरिक्ष अन्वेषण में महत्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता देता है और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति को रेखांकित करता है। प्रिया की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से मैं, मुकेश कुमार बल।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कहा है कि भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी उन्नत तकनीकों के क्षेत्र में तेजी से

आगे बढ़ रहा है और शीघ्र ही गगनयान मिशन की शुरूआत करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनायेगा।

———बाइट———

आज भारत semi&cryogenic engine और electric propulsion जैसी breakthrough technology में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही, आप सब वैज्ञानिकों की मेहनत से, भारत गगनयान की उड़ान भी भरेगा, और आने वाले समय में भारत अपना स्पेस स्टेशन भी बनाएगा।

---

पटना जिले के दनियावां में शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के सिगरियामा में आज सुबह ऑटो रिक्शा और ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को पटना के पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। सभी मुतक नालंदा जिला के हिलसा थाना क्षेत्र के मलामा गांव के निवासी थे। जानकारी के अनुसार ये सभी गंगा नदी में पवित्र स्नान के लिए फतुहा के त्रिवेणी घाट जा रहे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घटना में मृतक के प्रति गहरी शोक–संवदेना व्यक्त की है।

---

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया जिले में कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, नवादा, जमुई, भोजपुर और बक्सर जिले में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर के रघुनाथपुर में सबसे अधिक बानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और झारखंड में बारिश के कारण राज्य की कई नदियों का जलस्तर एक बार फिर से बढ़ने लगा है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुयी है। हालांकि नदी का जलस्तर फिलहाल बक्सर, पटना, मुंगेर समेत सभी स्थानों पर स्थिर बना हुआ है। इधर, सोन और पुनपुन नदी का जलस्तर भी आंशिक रूप से बढ़ रहा है।

---

इधर, भारी बारिश के कारण गयाजी के कई प्रखंडों में अचानक बाढ़ की गंभीर स्थिति हो गयी। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से——

———रिपोर्ट———

जिले से होकर गुजरने वाली फल्गु और स्थानीय मुहाने नदी में भारी उफान से बाढ़ की स्थिति विकट हो गयी है। मुहाने नदी का पानी बोधगया प्रखंड के बसाढ़ी, सिलौंजा, बतसपुर, घोंघरिया और मोरा टाल गांव में प्रवेश कर गया है। अचानक आई इस बाढ़ से एक बड़ी आबादी प्रभावित है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने देर रात सिलौंजा में हालात का जायजा लिया। इस दौरान नदी में फंसे कई लोगों का रेस्क्यू भी किया गया। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों के बीच पॉलिथिन शीट और अन्य राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी गयी है और हालात पर नजर रखी जा रही है। आकशवाणी समाचार के लिए गयाजी से धर्मवीर भारती।

———————————————————————

जहानाबाद में फल्गु नदी का तटबंध कई जगहों पर टूट जाने से एक बड़ी आबादी बाढ की चपेट में आ गयी है। हमारे संवाददाता आभाष रंजन की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

जिले में फल्गु नदी का तटबंध चार स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके कारण घोसी और हुलासगंज प्रखंड की कई पंचायतों में बाढ का भीषण संकट उत्पन्न हो गया है। भारथू, मेटरा, नंदना समेत कई गांवों में स्थिति अधिक खराब है। करीब पचास हजार की आबादी प्रभावित है। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को ऐहतियातन ऊंची जगहों पर शरण लेने की सलाह दी है। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित इलाकों में राहत कार्य तेज कर दिये गये हैं।

———————————————————————

राजगीर में उनतीस अगस्त से शुरू होने वाले पुरुष हॉकी एशिया कप के लिए तैयारियां अंतिम दौर में है। चैंपियनशिप में भारत समेत आठ देशों की टीमें भाग ले रही हैं। टीमों का पहुंचना जारी है। आज मलेशिया की टीम राजगीर पहुंची। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरन ने बताया कि दर्शकों के लिए एंट्री निःशुल्क है, लेकिन बुकिंग पहले करानी होगी। उन्होंने बताया कि छब्बीस अगस्त से दर्शक जिनी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुक करा सकते हैं।

———बाइट———

———————————————————————

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से आयोजित "दिव्य कला मेला" आज से पटना के गांधी मैदान में शुरू हो गया।यह मेला इकतीस अगस्त तक चलेगा।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में प्राथमिकी दज।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – गगनयान मिशन की शुरूआत जल्द होगी। अंतरिक्ष में भारत अपना स्टेशन भी बनाएगा।

03. पटना जिले के दनियावां में भीषण सड़क दुर्घटना। ऑटो रिक्शा और ट्रक की भीषण टक्कर में नौ लोगों की मौत और चार गंभीर रूप से घायल। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरा शोक जताया।

04. और, झारखंड में भारी बारिश के कारण फल्गु और मुहाने नदी में भारी उफान से जहानाबाद में चार स्थानों पर तटबंध क्षतिग्रस्त। बड़ी आबादी बाढ की चपेट में।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।